प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बस्तर में नागरनार में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के नए इस्पात संयंत्र को भी राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग 24 हजार करोड रुपये की लागत से बनने वाले इस समेकित इस्पात संयंत्र में उच्च कोटि के इस्पात का उत्पादन होगा। संयंत्र और उसके सहायक उद्योगों से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अपने जगदलपुर दौरे पर प्रधानमंत्री ने जगदलपुर रेलवे स्टेशन के सुधार कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने अंतागढ और तारोकी के बीच नई रेल लाईन राष्ट्र को समर्पित की। इस दौरान उन्होंने तारोकी और रायपुर के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

****

विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव तीन प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। विश्व बैंक ने अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में 2023–24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान पहले से छह दशमलव छह प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया था। विश्व बैंक के भारत के विकास संबंधी नवीनतम विवरण के अनुसार भारतीय अर्थव्यववस्था पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की अर्धवार्षिक प्रमुख रिपोर्ट में कहा गया है कि बडी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत वर्ष 2022–23 में सात दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ तेजी से बढती प्रमुख अर्थव्यवस्था में शामिल था।

****

भारतीय रेल विकास निगम के ऑपरेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद ने दक्षिण पूर्व रेल मंडल अंतर्गत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन और यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित बिल्डिंग और यार्ड में चल रहे कार्यों का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि हावड़ा–मुंबई रेल लाइन पर प्रस्तावित थर्ड लाइन परियोजना के तहत एक सौ तीस किलोमीटर में से 90 किलोमीटर तक का कार्य पूरा कर लिया गया है, मार्च 2024 कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

****

पाकुड पुलिस ने अमड़ापाड़ा प्रखंड के रसिक टोला के एक घर में हुए चोरी की घटना का उदभेदन कर दिया है। पुलिस ने इस मामले के उदभेदन के लिए स्पेसल टास्क फोर्स का गठन किया था। इस टीम ने घटना में शामिल पांच अपराधियो को रांची, गोड्डा और खगड़िया से गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधिक्षक ने बताया इस घटना को अंजाम देने के लिए अपराधियों ने पहले पार्सल के नाम पर घर का दरवाजा खुलावाया फिर घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि चोरी किये गए सभी जेवरात बरामद कर लिए गए हैं।

****

राज्य में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं। कल राज्य में डेंगू के आठ नए मरीज मिले हैं। सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 157 संदिग्ध मरीज मिले थे। इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के थे। जांच के उपरांत आठ में डेंगू की पुष्टि हुई। वहीं चिकनगुनिया के 13 संदिग्ध मरीज मिले। ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई।

****

सात अक्टूबर से झारखंड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू हो रही है। झारखंड स्टेट वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार जायसवाल ने बताया कि मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित वेटलिफ्टिंग हॉल में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

****

हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो लड़कियों का चयन राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम के लिए किया गया है। झुरी प्रखंड की माजरा खातून को अंडर 19 और चेचकपी पंचायत के पिपराही निवासी मनीषा कुमारी को अंडर 14 टीम के लिए चयनित किया गया है। दोनों छात्राओं के चयन होने से विद्यालय में खुशी का महौल है।

****

झारखंड के अधिकांश जिलों में पिछले 48 घंटे से रूक रूक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ भारी बारिश की संभावना जतायी गई है। गढ़वा तथा पश्चिमी सिंहभम जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में हल्के दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

*********** समाप्त ***********